## Multi Tasking Non Technical Staff and Havaldar CBIC and CBN Examination 2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 18/10/2024 |
| Exam Time | 12:30 PM - 2:30 PM |
| Subject | MTS Non Tech Havaldar CBIC and CBN Examination 2024 |

Section : **Numerical and Mathematical Ability**

**Q.1** एक चोर एक सीधी सड़क पर 28 मीटर/सेकेंड की चाल से बाइक चलाते हुए भाग रहा है। एक पुलिसकर्मी 30 मीटर/सेकेंड की चाल से एक कार को चलाते हुए उसका पीछा करता है। यदि कार से बाइक की तात्कालिक दूरी (instantaneous separation) 400 मीटर है, तो पुलिसकर्मी को चोर को पकड़ने में कितना समय लगेगा?

**Ans** A). 150 सेकंड B). 100 सेकंड C). 200 सेकंड D). 300 सेकंड

**Correct Answer: C**

**Q.2** एक चुनाव में दो प्रत्याशियों भारती और मान्या को 750 मत मिले। भारती ने मान्या को 16% मतों से हराया। यदि कोई भी अवैध मत नहीं डाला गया था, तो मान्या को कितने मत मिले?

**Ans** A). 315 B). 335 C). 120 D). 430

**Correct Answer: A**

**Q.3** P ने एक वस्तु Q को 11% लाभ पर बेची और Q ने इसे R को 11% हानि पर बेची। यदि R ने इसके लिए ₹19,758 का भुगतान किया, तो P द्वारा वह वस्तु किस कीमत (₹ में) पर खरीदी गई थी?

**Ans** A). 22,500 B). 19,750 C). 19,500 D). 20,000

**Correct Answer: D**

**Q.4** दी गई तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें।
दी गई तालिका विभिन्न कॉलेजों (A, B, C और D) में एक पाठ्यक्रम के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या और महिला अभ्यर्थियों का प्रतिशत दर्शाती है।

| कॉलेज | पाठ्यक्रम के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या | पाठ्यक्रम के लिए आवेदन करने वाली महिला अभ्यर्थियों का प्रतिशत |
|---|---|---|
| A | 540 | 30 |
| B | 360 | 50 |
| C | 684 | 80 |
| D | 724 | 50 |

कॉलेज A में आवेदन करने वाले पुरुष और महिला अभ्यर्थियों की संख्या के बीच अंतर ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 216 B). 265 C). 162 D). 378

**Correct Answer: A**

**Q.5** एक आइसक्रीम कोन की धारिता 66 $cm^3$ है। इसके आधार की त्रिज्या (cm में) क्या होगी, यदि इसकी ऊंचाई 7 cm है ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग करें)?

**Ans** A). 3 B). 7 C). 6 D). 3.5

**Correct Answer: A**

**Q.6** एक दुकानदार एक ऑफर देता है - तीन खरीदो, एक मुफ्त पाओ; इस योजना में दुकानदार द्वारा कितने प्रतिशत की छूट दी जा रही है?

**Ans** A). 33.33% B). 30% C). 25% D). 20%

**Correct Answer: C**

**Q.7** 6 वर्षों के लिए 4% प्रति वर्ष की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹4000 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 1000 B). 920 C). 960 D). 900

**Correct Answer: C**

**Q.8** ₹4,200 की राशि पर 3 वर्ष के अंत में प्राप्त होने वाला साधारण ब्याज ₹756 है। समान दर पर समान अवधि के लिए ₹5,400 पर प्राप्त होने वाला साधारण ब्याज (₹ में) कितना होगा?

**Ans** A). 987 B). 980 C). 972 D). 998

**Correct Answer: C**

**Q.9** लेड के 4.2 m लंबे एक पाइप का बाहरी व्यास 5.4 cm है और पाइप की मोटाई 3 mm है। यदि 1 $cm^3$ लेड का द्रव्यमान 25 ग्राम है, तो पाइप का भार ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

**Ans** A). 54.90 kg B). 50.49 kg C). 45.09 kg D). 59.40 kg

**Correct Answer: B**

**Q.10** एक कक्षा में 30 लड़के और 20 लड़कियाँ हैं। भौतिक विज्ञान में लड़कों के औसत अंक 92 है, जबकि भौतिक विज्ञान में लड़कियों के औसत अंक 83 है। भौतिक विज्ञान में पूरी कक्षा के औसत अंक ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 89.3 B). 96.2 C). 92.6 D). 88.4

**Correct Answer: D**

**Q.11** A एक वस्तु B को 40% लाभ पर बेचता है और B इसे C को 15% लाभ पर बेचता है। यदि C वस्तु के लिए ₹4,914 का भुगतान करता है, तो A इसके लिए कितना (₹ में, निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित) भुगतान करता है?

**Ans** A). 3,052 B). 3,250 C). 2,576 D). 3,520

**Correct Answer: A**

**Q.12** एक कार्यालय में, 22 स्टाफ सदस्यों का औसत वेतन ₹81,400 था। यदि स्टाफ और वाइस चेयरमैन का औसत वेतन ₹89,600 था, तो वाइस चेयरमैन का वेतन (₹ में) कितना है?

**Ans** A). 2,70,000 B). 2,17,000 C). 3,00,000 D). 1,97,300

**Correct Answer: A**

**Q.13** आनंद 30 cm लंबाई और 7 cm त्रिज्या का एक बेलनाकार कैलाइडोस्कोप बनाना चाहता था। यदि वह इसे बनाने के लिए हस्तनिर्मित शीट का उपयोग कर रहा है, तो इसके लिए कितनी शीट की आवश्यकता होगी?

**Ans** A). 660 $cm^2$ B). 1320 $cm^2$ C). 1440 $cm^2$ D). 1520 $cm^2$

**Correct Answer: B**

**Q.14** 6 वर्षों के लिए 3% प्रति वर्ष की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹3000 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 480 B). 540 C). 500 D). 580

**Correct Answer: B**

**Q.15** A और B, 1200 m के एक वृत्ताकार ट्रैक के चारों ओर एक ही दिशा में क्रमशः 8 m/s और 12 m/s की चाल से एक साथ दौड़ना आरम्भ करते हैं। A और B प्रारंभिक बिंदु पर पहली बार ________ बाद मिलेंगे।

**Ans** A). 150 s B). 80 s C). 300 s D). 100 s

**Correct Answer: C**

**Q.16** एक शेफ के पास अम्ल और पानी के मिश्रण के दो कैन हैं। वह दोनों कैन की सामग्री को एक बीकर में मिला देता है। परिणामी मिश्रण में आधा पानी और आधा अम्ल है। उसने कैन 1 और कैन 2 की सामग्री को किस मात्रा में मिलाया, यदि कैन 2 में अम्ल-और-पानी का अनुपात 2 : 3 है और कैन 1 में अम्ल-और-पानी का अनुपात 5 : 3 है?

**Ans** A). 3 : 7 B). 4 : 5 C). 4 : 7 D). 2 : 3

**Correct Answer: B**

**Q.17** 36 और 84 का महत्तम समापवर्तक (HCF) ज्ञात करें।

**Ans** A). 18 B). 6 C). 12 D). 4

**Correct Answer: C**

**Q.18** 40 kg, 49 kg, 56 kg, 72 kg और 36 kg वजन के पांच सदस्यों वाले परिवार का औसत वजन (kg में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 52.6 B). 50.6 C). 51.6 D). 49.6


**Correct Answer: B**

**Q.19** एक विद्यालय के खेल शिविर में, 200 विद्यार्थियों के लिए 30 दिनों के भोजन की व्यवस्था है। यदि पहले ही दिन 50 और व्यक्ति खेल शिविर में शामिल हो जाते हैं, तो भोजन कितने दिनों तक चलेगा?

**Ans** A). 22 B). 24 C). 20 D). 26

**Correct Answer: B**

**Q.20** नीचे दिए गए बार ग्राफ में वर्ष 2016 के दौरान विभिन्न व्यय मदों के तहत एक कंपनी के कुल व्यय का प्रतिशत वितरण दर्शाया गया है।




यदि विज्ञापन पर किया गया व्यय ₹ 3.6 करोड़ है, तो वेतन पर किए गए व्यय और कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व पर किए गए व्यय के बीच कितना अंतर (₹ करोड़ में) है?

**Ans** A). 3.7 B). 4.4 C). 4.8 D). 3

**Correct Answer: C**

## Section : Reasoning Ability and Problem Solving

**Q.1** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**OSM, LPJ, IMG, FJD, ?**

**Ans** A). CGA B). CAG C). BGA D). BAG

**Correct Answer: A**

**Q.2** यदि '+' और '×' को आपस में बदल दिया जाए तथा '−' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
**41 × 1 + 390 − 10 ÷ 15 =?**

**Ans** A). 75 B). 73 C). 55 D). 65

**Correct Answer: D**

**Q.3** उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार दिए गए समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**(4, 9, 26)**
**(2, 8, 20)**

**Ans** A). (13, 2, 30) B). (23, 1, 56) C). (30, 5, 49) D). (5, 3, 26)

**Correct Answer: A**

**Q.4** एक निश्चित कूट भाषा में, 'RENT' को '1957' लिखा जाता है और 'GRIM' को '2469' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'R' को क्या लिखा जाएगा?

**Ans** A). 4 B). 1 C). 6 D). 9


**Correct Answer: D**

**Q.5** एक निश्चित कूट में,
'pen pencil eraser' को 'dy ph mt' के रूप में कूटबद्ध किया गया है,
'pencil box crayon' को 'lp ph st' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और
'box pen board' को 'st bq dy' के रूप में कूटबद्ध किया गया है।
सभी कूट केवल दो अक्षर वाले कूट हैं।
'board' को किस रूप में कूटबद्ध किया गया है?

**Ans** A). bq B). dy C). st D). lp


**Correct Answer: A**


**Q.6** उस विकल्प आकृति का चयन कीजिए, जिसमें दी गई आकृति (X) उसके भाग के रूप में सन्निहित है (घूर्णन की अनुमति नहीं है)।





(X)

**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: C**

**Q.7** दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

3, ?, 13, 18, 23, 28, 33

**Ans** A). 7 B). 5 C). 9 D). 8


**Correct Answer: D**

**Q.8** अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर TGKP एक निश्चित प्रकार से QDHM से संबंधित है। उसी प्रकार, XBWL, UYTI से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, VEAH निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). RAYE B). SBYF C). SBXE D). RAXF

**Correct Answer: C**

**Q.9** यदि दर्पण को नीचे दिखाए गए अनुसार MN पर रखा जाए, तो दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।




**Ans** A).  B).  C).  D). 

**Correct Answer: A**

**Q.10** 37 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 89 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 43, 101 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 28 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 55 B). 51 C). 71 D). 78

**Correct Answer: C**

**Q.11** निम्नलिखित समीकरण में, यदि '+' और '×' को आपस में बदल दिया जाए तथा '÷' और '–' को आपस में बदल दिया जाए, तो प्रश्न चिह्न ('?') के स्थान पर क्या आएगा?
19 × 7 ÷ 8 × 306 – 17 = ?

**Ans** A). 32 B). 41 C). 36 D). 44

**Correct Answer: C**

**Q.12** **R, S, T, D, E, F और G एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। E के दाईं ओर से गिनने पर E और T के बीच में केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। R और G के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। S, D के ठीक बाईं ओर बैठा है। T और R के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। F के बाईं ओर से गिनने पर F और S के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हैं?**

**Ans** A). एक B). दो C). चार D). तीन

**Correct Answer: D**

**Q.13** **P, Q, R, S, T, U और V एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर पीठ करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। P, U के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। R, S के दाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। S, V का निकटतम पड़ोसी है। V, P के ठीक बाएँ बैठा है। T, U का निकटतम पड़ोसी नहीं है।**
**P के दाएँ से गिनती करने पर P और Q के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हैं?**

**Ans** A). चार B). तीन C). एक D). दो

**Correct Answer: D**

**Q.14** **दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।**

**कथन:**
**कुछ पेड़, नीले हैं।**
**सभी नीले, हरे हैं।**

**निष्कर्ष:**
**(I) सभी पेड़, नीले हैं।**
**(II) कुछ पेड़, हरे हैं।**

**Ans** A). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। B). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। C). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

D). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

**Correct Answer: A**

**Q.15** **दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।**

**कथन:**
**कुछ बैल, चट्टानें हैं।**
**कुछ चट्टानें, पत्थर हैं।**

**निष्कर्ष:**
**(I): कुछ बैल, पत्थर हैं।**
**(II): सभी पत्थर, चट्टानें हैं।**

**Ans** A). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। B). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। C). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
D). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

**Correct Answer: C**

**Q.16** **किसी निश्चित कूट भाषा में, 'derive the formula' को 'le ro da' लिखा जाता है और 'formula to win' को 'ka wb ro' लिखा जाता है। इसी भाषा में 'formula' को कैसे लिखा जाएगा?**

**Ans** A). le B). da C). wb D). ro

**Correct Answer: D**

**Q.17** **FLRX अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से KQWC से संबंधित है। GMSY उसी तरीके से LRXD से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, HNTZ निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

**Ans** A). MSYD B). MDSY C). MSYE D). MSYW


**Correct Answer: C**

**Q.18** **किसी निश्चित कूटभाषा में, 'GAME' को '8536' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'MEAN' को '5983' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'N' के लिए कूट क्या है?**


**Ans** A). 5 B). 8 C). 3 D). 9


**Correct Answer: D**


**Q.19** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति को चुनिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है और पैटर्न को पूरा कर सकती है।





Ans

A). 



B). 


C). 



D). 



**Correct Answer: B**


**Q.20** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए, जिसे प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।





Ans

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: D**

## Section : General Awareness

**Q.1** रविकीर्ति किस शासक के दरबारी कवि थे?

Ans A). पुलकेशिन द्वितीय B). दंतिदुर्ग C). हर्षवर्द्धन D). राजराज

**Correct Answer: A**

**Q.2** आर्य समाज की स्थापना किस स्थान पर हुई थी?

Ans A). बम्बई B). लाहौर C). कलकत्ता D). मद्रास

**Correct Answer: A**

**Q.3** वसा और कार्बोहाइड्रेट युक्त खाद्य पदार्थों को ________________ भी कहा जाता है।

Ans A). रूक्षांश B). ऊर्जा देने वाले खाद्य पदार्थ C). शरीर निर्माण खाद्य पदार्थ D). किण्वित खाद्य पदार्थ

**Correct Answer: B**

**Q.4** बंदरगाहों का निम्नलिखित में से कौन-सा समूह बंगाल की खाड़ी के तट पर स्थित है?

Ans A). हल्दिया और पारादीप B). हल्दिया और कांडला C). पारादीप और न्यू मैंगलोर D). तूतीकोरिन और कोचीन

**Correct Answer: A**

**Q.5** निम्नलिखित में से कौन सा दिवस डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन पर मनाया जाता है?

Ans A). शिक्षक दिवस B). संविधान दिवस C). छात्र दिवस D). अभियंता दिवस

**Correct Answer: A**

**Q.6** 'वेटिंग फॉर ए वीज़ा (Waiting for a Visa)' किसकी आत्मकथा है?

Ans A). श्यामा प्रसाद मुखर्जी B). भीमराव अंबेडकर C). जवाहर लाल नेहरू D). वल्लभभाई पटेल

**Correct Answer: B**

**Q.7** मध्य प्रदेश के बैतूल, होशंगाबाद और छिंदवाड़ा जिले निम्नलिखित में से किस जैवमंडल निचय (biosphere reserves) का हिस्सा हैं?

Ans A). मानस (Manas) B). शेषाचलम (Seshachalam) C). पचमढ़ी (Pachmarhi) D). अगस्त्यमलाई (Agasthyamalai)

**Correct Answer: C**

**Q.8** शुद्धि आंदोलन निम्नलिखित में से किस संगठन द्वारा शुरू किया गया था?

Ans A). रामकृष्ण मिशन B). परमहंस मंडली C). सत्यशोधक समाज D). आर्य समाज

**Correct Answer: D**

**Q.9** निम्न में से कौन-सा अवायवीय गतिविधि (anaerobic activity) का एक उदाहरण है?

Ans A). तैरना B). कूदना C). चलना D). रस्सी कूदना

Correct Answer: B

**Q.10** अकबर के राज्याभिषेक के वर्ष में, निम्नलिखित में से किसे 'खान-ए-खाना (Khan-i-Khanan)' की उपाधि के साथ मुगल साम्राज्य के वकील (Wakil) के रूप में पदनामित किया गया था?

Ans A). अब्दुर रहीम (Abdur Rahim) B). बैरम खाँ (Bairam Khan) C). मुनीम खान (Munim Khan) D). हकीम मिर्ज़ा (Hakim Mirza)

Correct Answer: B

**Q.11** नवंबर 2023 में, फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (Federation of Indian Chambers of Commerce and Industry - FICCI) के निर्वाचित अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया था?

Ans A). अनीश शाह B). सूरज महिंद्रा C). आदि गोदरेज D). एन चन्द्रशेखरन

Correct Answer: A

**Q.12** निम्न में से किस लोक नृत्य की उत्पत्ति महाराष्ट्र में हुई है?

Ans A). लावणी B). बिहु C). डांडिया D). गरबा

Correct Answer: A

**Q.13** क्रिकेट पिच की मानक लंबाई कितनी होती है?

Ans A). 24 गज B). 22 गज C). 20 गज D). 18 गज

Correct Answer: B

**Q.14** संविदा संबंधी लंबित विवादों को प्रभावी ढंग से हल करने के लिए भारत सरकार द्वारा 2023 में शुरू की गई योजना का नाम क्या है?

Ans A). विवाद से जनाधार I B). विवाद से आधार II C). विवाद से विश्वास I D). विवाद से विश्वास II

Correct Answer: D

**Q.15** संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में प्रावधान है कि 'भारत सरकार की समस्त कार्यपालिका कार्रवाई राष्ट्रपति के नाम से की हुई कही जाएगी'?

Ans A). अनुच्छेद 71 (1) B). अनुच्छेद 76 (2) C). अनुच्छेद 77 (1) D). अनुच्छेद 75 (1A)

Correct Answer: C

**Q.16** 2023 में वनडे क्रिकेट विश्व कप का कौन-सा संस्करण भारत में आयोजित किया गया था?

Ans A). 14वां B). 16वां C). 13वां D). 15वां

Correct Answer: C

**Q.17** निम्नलिखित में से कौन-सा, एक बहुमूल्य खनिज है?

Ans A). अभ्रक B). हेमेटाइट C). प्लैटिनम D). बाक्साइट

Correct Answer: C

**Q.18** जलकल (waterworks) में जल शुद्धिकरण के लिए उपयोग की जाने वाली प्रक्रियाओं के सही क्रम का चयन कीजिए।

1. निस्पंदन
2. क्लोरीनीकरण
3. निलंबित अशुद्धता अवसादन
4. ठोस अशुद्धता अवसादन

Ans A). 4-3-1-2 B). 4-3-2-1 C). 1-2-3-4 D). 2-1-4-3

Correct Answer: A

**Q.19** भारत में महिला साक्षरता दर में सुधार के लिए भारत सरकार द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा कार्यक्रम शुरू किया गया है?

Ans A). बेटी जागरण, बेटी पढ़ाओ B). बेटी सिखाओ, बेटी पढ़ाओ C). बेटी शिक्षण, बेटी बचाओ D). बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ

Correct Answer: D

**Q.20** निम्नलिखित में से कौन-सा भारत का सबसे पुराना किला है, जिसका उल्लेख सबसे पहले सिकंदर महान के युद्धकालीन अभिलेखों में पाया गया है, जो इसका चौथी शताब्दी ईसा पूर्व का होना इंगित करते हैं?

Ans A). मेहरानगढ़ किला B). ग्वालियर किला C). कुंभलगढ़ किला D). कांगड़ा किला

Correct Answer: D

**Q.21** मैसूर ब्रदर्स (Mysore Brothers) किस संगीत वाद्ययंत्र को बजाने के लिए जाने जाते हैं?

Ans A). मैंडोलिन B). वायलिन C). बांसुरी D). गिटार

Correct Answer: B

**Q.22** भारत में सूक्ष्मवित्त संस्थानों द्वारा प्राय: कौन-से वित्तीय उत्पाद प्रस्तुत किए जाते हैं?

Ans A). बहुराष्ट्रीय निगमों के लिए विशेष सेवाएँ B). उच्च आय वाले व्यक्तियों के लिए विशेष सेवाएँ C). जटिल निवेश विकल्प D). कम आय वाले व्यक्तियों के लिए अनुकूलित बचत, ऋण और बीमा सेवाएँ

Correct Answer: D

**Q.23** राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2021 के अनुसार, निम्नलिखित में से राज्यों का कौन-सा समूह सबसे गरीब है?

Ans A). केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु B). पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड C). बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड D). गुजरात, महाराष्ट्र, तेलंगाना

Correct Answer: C

**Q.24 कालिदास सम्मान पुरस्कार निम्नलिखित में से किस सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है?**

Ans A). मध्यप्रदेश B). तमिलनाडु C). ओडिशा D). मणिपुर **Correct Answer: A**

**Q.25 भारतीय संविधान की मूल संरचना भारत सरकार अधिनियम, __________ पर आधारित है।**

Ans A). 1935 B). 1950 C). 1949 D). 1942 **Correct Answer: A**

## Section : English Language and Comprehension

**Q.1 Identify the INCORRECTLY spelt word in the given sentence.**
**Are you sure that you can't even write a single sentnce properly?**

Ans A). write B). sentnce C). single D). properly **Correct Answer: B**

**Q.2 The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**

**The happy and cheerful girls / is always running towards / the ice cream cart in / front of the garden.**

Ans A). the ice cream cart in B). front of the garden C). is always running towards D). the happy and cheerful girls **Correct Answer: C**

**Q.3 Select the most appropriate synonym of the word given in brackets to fill in the blank.**

**Many orthodox people have a ____(hostile) attitude towards the idea of women getting educated and employed.**

Ans A). belligerent B). elaborate C). friendly D). meticulous **Correct Answer: A**

**Q.4 Select the most appropriate option to fill in the blanks.**
**I bought a _____ but it is ______.**

Ans A). cane; cain B). cheap; chip C). cain; cane D). chip; cheap **Correct Answer: D**

**Q.5 Identify the error in the given sentence.**
**Ajit got to work earliest than everyone else today.**

Ans A). everyone else B). today C). Ajit got to work D). earliest than **Correct Answer: D**

**Q.6 Select the grammatically correct sentence.**

Ans A). Rahul is very naughty as he is the youngest sibling among Rama's three brothers.
B). Rahul is very naughty as he is the most young sibling between Rama's three brothers.
C). Rahul is very naughty as he is the most young sibling among Rama's three brothers.
D). Rahul is very naughty as he is the youngest sibling between Rama's three brothers. **Correct Answer: A**

**Q.7 Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.**

**The analysis of a person's handwriting to determine his/her personality**

Ans A). Calligraphy B). Numismatics C). Philology D). Graphology **Correct Answer: D**

**Q.8 Select the INCORRECTLY spelt word..**

Ans A). Shadow B). Music C). Reflect D). Scari **Correct Answer: D**

**Q.9 Select the most appropriate synonym of the given word.**
**Antique**

Ans A). Modern B). Young C). Novel D). Ancient **Correct Answer: D**

**Q.10 Select the most appropriate option that can substitute the underlined words in the given sentence.**

**Losing my job turned out to be <u>an unexpected benefit</u> because it pushed me to start my own business, which has been more successful than I ever imagined.**

Ans A). a golden opportunity B). a mixed blessing C). a blessing in disguise D). a diamond in rough **Correct Answer: C**

**Q.11 Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**The students were __________ for their hard work with certificates and praise.**

Ans A). penalised B). punished C). reprimanded D). rewarded **Correct Answer: D**

**Q.12** **Select the most appropriate form of comparative degree that can substitute the underlined segment in the given sentence.**

**Rohit Sharma is better than more other batsman in the world.**

**Ans** A). the best batsmen B). as good as the most other batsmen C). better than most other batsmen D). better batsmen **Correct Answer: C**

**Q.13** **Select the most appropriate ANTONYM of the underlined word in the given sentence.**
**He was very inquisitive and wanted to know each and every detail.**

**Ans** A). Uncanny B). Intelligent C). Indifferent D). Indeterminate **Correct Answer: C**

**Q.14** **Select the grammatically correct sentence..**

**Ans** A). Rukmini put the book on the table and sat down. B). Rukmini put a book on an table and sat down. C). Rukmini put the book on an table and sat down. D). Rukmini put an book on the table and sat down. **Correct Answer: A**

**Q.15** **Select the most appropriate ANTONYM of the underlined word in the given sentence.**

**Anupama was a very industrious child and submitted all her assignments on time.**

**Ans** A). industrial B). lazy C). intense D). laborious **Correct Answer: B**

**Q.16** **Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.**

**The branch of geography that studies mountains and their formation**

**Ans** A). Orography B). Mythography C). Orthography D). Palaeography **Correct Answer: A**

**Q.17** **Select the INCORRECTLY spelt word.**

**Ans** A). Ceremony B). Disappointment C). Prescription D). Beginer **Correct Answer: D**

**Q.18** **Select the most appropriate form of comparative degree that can substitute the underlined segment in the given sentence.**

**Maheshwari is three years junior than me.**

**Ans** A). more junior than me B). junior than that of me C). junior to me D). junior than any other to me **Correct Answer: C**

**Q.19** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**The concert was __________ due to the bad weather.**

**Ans** A). cancelled B). commenced C). continued D). celebrated **Correct Answer: A**

**Q.20** **Select the most appropriate idiom to replace the underlined segment.**
**He thinks his new plan will undoubtedly produce the desired result .**

**Ans** A). sour grapes B). go pear-shaped C). go suck a lemon D). bear fruit **Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

The computer can become a threat to man. It can (1)______________ his survival and privacy. It also offers excellent encouragement for unethical or criminal activities. It can (2)_______________ the unemployment problem as employers prefer the computer and the 'computer- controlled robots' to humans for obvious reasons. The information storage facility the computer provides has (3)___________ to collection of personal information about individuals and storage of this information in data banks by several employing agencies. If care is not exercised (4)__________ data gathering, data integrity may suffer. That is, questionable or imperfect methods may be employed; as a result, incorrect or incomplete data may be stored, and this (5)____________ become a permanent source and used for any given purpose.

**SubQuestion No : 21**

**Q.21** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 1.**

**Ans** A). protect B). encourage C). tranformative D). endanger **Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

The computer can become a threat to man. It can (1)______________ his survival and privacy. It also offers excellent encouragement for unethical or criminal activities. It can (2)_______________ the unemployment problem as employers prefer the computer and the 'computer- controlled robots' to humans for obvious reasons. The information storage facility the computer provides has (3)___________ to collection of personal information about individuals and storage of this information in data banks by several employing agencies. If care is not exercised (4)__________ data gathering, data integrity may suffer. That is, questionable or imperfect methods may be employed; as a result, incorrect or incomplete data may be stored, and this (5)____________ become a permanent source and used for any given purpose.

**SubQuestion No : 22**

**Q.22 Select the most appropriate option to fill in blank no. 2.**

**Ans** A). beat B). control C). worsen D). improve

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

The computer can become a threat to man. It can (1)______________ his survival and privacy. It also offers excellent encouragement for unethical or criminal activities. It can (2)_______________ the unemployment problem as employers prefer the computer and the 'computer- controlled robots' to humans for obvious reasons. The information storage facility the computer provides has (3)___________ to collection of personal information about individuals and storage of this information in data banks by several employing agencies. If care is not exercised (4)__________ data gathering, data integrity may suffer. That is, questionable or imperfect methods may be employed; as a result, incorrect or incomplete data may be stored, and this (5)____________ become a permanent source and used for any given purpose.

**SubQuestion No : 23**

**Q.23 Select the most appropriate option to fill in blank no. 3.**

**Ans** A). experienced B). involved C). stored D). led

**Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

The computer can become a threat to man. It can (1)______________ his survival and privacy. It also offers excellent encouragement for unethical or criminal activities. It can (2)_______________ the unemployment problem as employers prefer the computer and the 'computer- controlled robots' to humans for obvious reasons. The information storage facility the computer provides has (3)___________ to collection of personal information about individuals and storage of this information in data banks by several employing agencies. If care is not exercised (4)__________ data gathering, data integrity may suffer. That is, questionable or imperfect methods may be employed; as a result, incorrect or incomplete data may be stored, and this (5)____________ become a permanent source and used for any given purpose.

**SubQuestion No : 24**

**Q.24 Select the most appropriate option to fill in blank no. 4.**

**Ans** A). during B). by C). unless D). when

**Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

The computer can become a threat to man. It can (1)______________ his survival and privacy. It also offers excellent encouragement for unethical or criminal activities. It can (2)_______________ the unemployment problem as employers prefer the computer and the 'computer- controlled robots' to humans for obvious reasons. The information storage facility the computer provides has (3)___________ to collection of personal information about individuals and storage of this information in data banks by several employing agencies. If care is not exercised (4)__________ data gathering, data integrity may suffer. That is, questionable or imperfect methods may be employed; as a result, incorrect or incomplete data may be stored, and this (5)____________ become a permanent source and used for any given purpose.

**SubQuestion No : 25**

**Q.25 Select the most appropriate option to fill in blank no. 5.**

**Ans** A). may B). must C). should D). have to

**Correct Answer: A**